**उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र/North Eastern Space Applications Centre**
**भारत सरकार/Govt. of India, अंतरिक्ष विभाग/Dept. of Space**
**उमियम/Umiam – 793103, मेघालय/Meghalaya**
Tel: 0364-2570140

# एनईसैक में अनुसंधान वैज्ञानिक एवं कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता की भर्ती

**No.NESAC/RMT-TEMP/02/2022** **Date: 12.11.2022**

उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एन.ई-सैक), उमियम एक स्वायत्त निकाय है जो अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके उत्तर पूर्वी क्षेत्र में विकास प्रक्रिया में सहायता के लिए अंतरिक्ष विभाग और उत्तर पूर्वी परिषद (एन.ई.सी) के तहत कार्य करता है। यह रिमोट सेंसिंग, जी.आई.एस, उपग्रह संचार का उपयोग करके और अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान आयोजित करने के लिए विशिष्ट अनुप्रयोग परियोजनाएं चलाती है। केंद्र की सेवाएं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, बुनियादी अवसंरचना योजना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपदा प्रबंधन और भू-अवलोकन मिशन में सहायक है।

निम्नलिखित परियोजना हेतु अस्थायी परियोजना के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैः

**1. अनुसंधान वैज्ञानिक [लेवल10 (₹ 56,100 - ₹ 1,77,500)]**

| पद कोड सं. | पदों की संख्या. | आवश्यक अर्हता | वांछित योग्यता / अनुभव |
|---|---|---|---|
| **परियोजना** : **उत्तर पूर्वी क्षेत्र (असम और मणिपुर के अलावा) के लिए बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली** | | | |
| RS01 | **2 (दो)** | सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी एम.ई./एम.टेक (जल संसाधन संबंधित विशेषज्ञता में )<br>**या**<br>कृषि इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी एम.ई. /एम.टेक (जल संसाधन संबंधित विशेषज्ञता में )<br>**या**<br>जल संसाधन इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी एम.ई. /एम.टेक या समकक्ष<br>**या**<br>रिमोट सेंसिंग और जीआईएस में प्रथम श्रेणी एम.ई. /एम.टेक या समकक्ष (जल संसाधन संबंधित विशेषज्ञता में )<br>**और**<br>सिविल /कृषि इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी बी.ई./बी.टेक डिग्री<br>**के साथ**<br>संबंधित क्षेत्र में एक साल का अनुसंधान अनुभव | • रिमोट सेंसिंग और जीआईएस इनपुट का उपयोग करके हाइड्रोलॉजिकल और हाइड्रोलिक मॉडलिंग में अनुभव। |
| | **टिप्पणी :** रिमोट सेंसिंग और जीआईएस में एम.ई./एम.टेक डिग्री या समकक्ष और सिविल /कृषि इंजीनियरिंग एम.ई./एम.टेक धारक उम्मीदवारों को अपने आवेदन पर विचारार्थ जल संसाधन से संबंधित विशेषज्ञता में विशेषज्ञता /शोध प्रबंध का समर्थन प्रमाण सह उल्लेख करना होगा। | | |

| पद कोड सं. | पदों की संख्या. | आवश्यक अर्हता | वांछित योग्यता / अनुभव |
|---|---|---|---|
| **परियोजना : आपदा जोखिम शमन के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय नोड** | | | |
| RS02 | **1 (एक)** | भूविज्ञान/अनुप्रयुक्त भूविज्ञान /भूभौतिकी/पृथ्वी विज्ञान में एम.एससी /एम.टेक/एम.एससी (तकनीकी) या समकक्ष या भूविज्ञान/अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में एकीकृत एम.एससी **और** मुख्य/प्रमुख/ऑनर्स विषय के रूप में भूविज्ञान के साथ बी.एससी की पूर्व योग्यता (एकीकृत पाठ्यक्रम के लिए लागू नहीं)<br><br>**के साथ**<br>आपदा प्रबंधन सहायता (डीएमएस) के क्षेत्र में एक वर्ष के अनुसंधान/कार्य अनुभव | • संबंधित क्षेत्र में पीएचडी<br>• भू-गर्भ जल अवक्षय अध्ययन /भूस्खलन पूर्व चेतावनी /सुग्राहिता अध्ययन / जीपीएस/जीएनएसएस/भूकंपीय सर्वेक्षण डेटा प्रोसेसिंग एवं विश्लेषण /रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के उपयोग से संबंधित अनुसंधान के साथ भूविज्ञान/अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में कार्य करने का अनुभव |
| RS03 | **1 (एक)** | वनस्पति विज्ञान /पर्यावरण विज्ञान /रिमोट सेंसिंग /भूसूचना विज्ञान या समकक्ष में प्रथम श्रेणी में एम.एससी/एम.टेक **और** पूर्व योग्यता अनुसार किसी भी प्राकृतिक विज्ञान में बी.एससी<br><br>**के साथ**<br>आपदा प्रबंधन सहायता (डीएमएस) के क्षेत्र में एक वर्ष का अनुसंधान/कार्य अनुभव। | • संबंधित क्षेत्र में पीएचडी<br>• रिमोट सेंसिंग डेटा हैंडलिंग और जीआईएस सॉफ्टवायर में कार्यसाधक ज्ञान, प्रोग्रामिंग कौशल अधिमानतः पायथन और MATLAB, पारिस्थितिक / पर्यावरण मॉडलिंग/दावाग्नि अध्ययन। |
| RS04 | **1 (एक)** | भौतिकी/मौसम विज्ञान /वायुमंडलीय विज्ञान /पृथ्वी प्रणाली विज्ञान या इन विषयों के समतुल्य किसी अन्य विषय में प्रथम श्रेणी में एम.एससी/एम.टेक<br><br>**के साथ**<br>वायुमंडलीय विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में एक वर्ष का अनुसंधान/कार्य अनुभव हो। | • संबंधित क्षेत्र में पीएचडी<br>• MATLAB, FORTRAN में प्रोग्रामिंग ज्ञान के साथ सैटलाइट मौसम विज्ञान, तड़ित झंझा, संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल में कार्यसाधक ज्ञान और LINUX ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ सुपरिचित। |
| RS05 | **1 (एक)** | आपदा प्रबंधन / भूगोल/ अनुप्रयुक्त भूगोल /भू-विज्ञान /भू-सूचना विज्ञान / भू-विज्ञान /रिमोट संसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणाली में प्रथम श्रेणी में एम.एससी/एम.टेक या समकक्ष<br>**के साथ**<br><br>आपदा प्रबंधन सहायता (डीएमएस) के क्षेत्र में एक वर्ष का अनुसंधान /कार्य अनुभव। | • संबंधित क्षेत्र में पीएचडी<br>• आपदा संबंधी अध्ययनों में कार्य करने का अनुभव<br>• रिमोट सेंसिंग डेटा हैंडलिंग और जीआईएस सॉफ्टवायर, प्रोग्रामिंग कौशल में कार्यसाधक ज्ञान<br>• आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने का अनुभव |
| RS06 | **1 (एक)** | रिमोट सेंसिंग /भू-सूचना विज्ञान /कंप्यूटर विज्ञान /सूचना प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी में एम.ई ./एम.टेक या समकक्ष<br>**और**<br>कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग/ सूचना प्रौद्योगिकी य समकक्ष या भू-सूचना विज्ञान /भू-विज्ञान या समकक्ष में प्रथम श्रेणी में बी.ई/बी.टेक<br>**के साथ**<br>उपरोक्त क्षेत्र में एक वर्ष का अनुसंधान /कार्य अनुभव। | • भू-स्थानिक डेटा के लिए जियोवेब सेवाओं/स्थानिक निर्णय समर्थन प्रणाली /स्थानिक डेटा अवसंरचना /स्थान आधारित सेवाओं फोटोग्रामेट्री / LIDAR डेटा प्रोसेसिंग /माइक्रोवेव अनुभव /बिग डेटा एनालिटिक्स /भू-स्थानिक डैशबोर्ड विश्लेषण आदि में कार्य करने का अनुभव। |

| पद कोड सं. | पदों की संख्या. | आवश्यक अर्हता | वांछित योग्यता / अनुभव |
|---|---|---|---|
| RS07 | **1 (एक)** | रिमोट सेंसिंग /भू-सूचना विज्ञान /कंप्यूटर विज्ञान /सूचना प्रौद्योगिकी या समकक्ष में प्रथम श्रेणी में एम.एससी/एम.ई./एम.टेक<br>**और**<br>कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग /सिविल इंजीनियरिंग/ सूचना प्रौद्योगिकी / भू-सूचना विज्ञान / भू-विज्ञान में स्नातक या समकक्ष के साथ शोध प्रबंध / थीसिस या माइक्रोवेव / हाइपर स्पेक्ट्रल / LIDAR रिमोट सेंसिंग डेटा प्रोसेसिंग /अनुप्रयोग में काम करने का अनुभव<br>**के साथ**<br>उपरोक्त क्षेत्र में एक साल का अनुसंधान /कार्य अनुभव। | • प्रोग्रामिंग में कार्यसाधक ज्ञान, अधिमानतः Pyhton और MATLAB.<br>• फोटोग्रामेट्री/ LIDAR डेटा प्रोसेसिंग / स्थान आधारित सेवाओं में कार्यसाधक ज्ञान।<br>• सैटलाइट डेटा (ऑप्टिकल डेटा / हाइपरस्पेक्ट्रल/ माइक्रोवेव रिमोट सेंसिंग डेटा) में कार्य साधक ज्ञान<br>• भू-स्थानिक मॉडलिंग में अनुसंधान। |
| RS08 | **1 (एक)** | कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग /सूचना प्रौद्योगिकी में एम.ई./एम.टेक या समकक्ष<br>**और**<br>कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग /सूचना प्रौद्योगिकी या समकक्ष में प्रथम श्रेणी में बी.ई./बी.टेक<br>**के साथ**<br>उपरोक्त क्षेत्र में एक वर्ष का अनुसंधान/कार्य अनुभव। | • ऐप वेब पोर्टल के विकास , AI/ M1/DL आधारित अनुप्रयोगों को लागू करने, IoT आधारित अनुप्रयोगों का विकास , डेटा एनालिटिक्स टूल्स के साथ डैशबोर्ड अनुप्रयोगों के विकास में कार्य करने का अनुभव, प्रोग्रामिंग और डेटा एनालिटिक्स टूल्स जैसे - C++, Java, Pyhton, R, Hadoop आदि की अच्छी समझ। |
| **परियोजना : सोहरा (चेरापूंजी) में डॉपलर मौसम रेडार** | | | |
| RS09 | **1 (एक)** | इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनिरयिंग / मैकेनिकल इंजीनिरयिंग /इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग / कंप्युटर विज्ञान या किसी अन्य विषय में जो इन विषयों के समकक्ष है, में प्रथम श्रेणी में एम.टेक।<br>**के साथ**<br>संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का अनुसंधान/कार्य अनुभव। | • रेडार सिस्टम, डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग, MATLAB, FORTRAN में प्रोग्रामिंग ज्ञान और LINUX ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ सुपरिचित। |

## 2. कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता [जेआरएफ]

| पद कोड सं. | पदों की संख्या. | आवश्यक अर्हता | वांछित योग्यता / अनुभव |
|---|---|---|---|
| JRF01 | **1 (एक)** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भूवैज्ञानिक विज्ञान में प्रथम श्रेणी में एम.एससी या समकक्ष के साथ संबंधित विषय में वैध नेट/गेट/एन-जेट | संरचनात्मक भूविज्ञान /भू-आकृति विज्ञान /कायांतरित भूविज्ञान (मेटामॉर्फिक जियोलोजी) /रिमोट सेंसिंग भूविज्ञान में विशेषज्ञता |

| पद कोड सं. | पदों की संख्या. | आवश्यक अर्हता | वांछित योग्यता / अनुभव |
|---|---|---|---|
| JRF02 | **7 (सात)** | सिविल इंजीनियरिंग /कृषि इंजिनियरिंग / जल संसाधन इंजीनियरिंग/ पृथ्वी विज्ञान इंजीनियरिंग / पर्यावरण इंजीनियरिंग/सुदूर संवेदन और जीआईएस में प्रथम श्रेणी में एम.ई/एम.टेक या प्रासंगिक विषय में वैध नेट/गेट/एन-जेट सह जल संसाधन संबंधी विशेषज्ञता /शोध प्रबंधन के साथ समकक्ष ।<br>**या**<br>रिमोट सेंसिंग और जीआईएस /भूविज्ञान/पर्यावरण विज्ञान में प्रथम श्रेणी में एम.एससी या प्रासंगिक विषय में वैध नेट/गेट/एन-जेट सह जल संसाधन संबंधी विशेषज्ञता /शोध प्रबंधन के साथ समकक्ष । | • रिमोट सेंसिंग और जीआईएस इनपुट आदि का उपयोग करके हाइड्रोलॉजिकल मॉडलिंग और मैपिंग में अनुभव |
| JRF03 | **1 (एक)** | प्रासंगिक विषय में वैध नेट /गेट या समकक्ष के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स /कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग के किसी भी विशेषज्ञता में प्रथम श्रेणी में एम.ई/एम.टेक<br>**या**<br>प्रासंगिक विषय में वैध नेट /गेट/एन-जेट या समकक्ष के साथ एम.एससी (इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ भौतिकी) | --- |
| | **नोट : जेआरएफ 03 के लिए तैनाती इस्ट्रैक बेंगलुरू में होगी।** | | |

**योग्यता:**

**(i) एम.ई./एम.टेक डिग्री प्रथम श्रेणी या समकक्ष ग्रेड में न्यूनतम 60% (सभी सेमिस्टरों का औसत ) या 10 अंकों के पैमाने पर 6.5 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग या मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से समकक्ष होना चाहिए।**

**(ii) बी.ई/बी.टेक/एम.एससी डिग्री प्रथम श्रेणी या समकक्ष ग्रेड में न्यूनतम 65% (सभी सेमिस्टरों का औसत ) या 10 अंकों के पैमाने पर 6.84 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग या मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से समकक्ष होना चाहिए।**

**जेआरएफ - 01 से जेआरएफ- 03 पद कोड हेतु :**

**I. जेआरएफ पद के लिए आवेदकों को निम्नलिखित में से किसी एक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए और ऑनलाइन आवेदन में स्कोर कार्ड के साथ योग्यता प्राप्त करने का वर्ष प्रस्तुत करना होगा :**

i. नेट- लेक्चरशिप सहित सीएसआईआर-यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा ।
ii. एम.एच.आर.डी द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट (गेट)।
iii. एम.एच.आर.डी द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेएएम)
iv. जैव सूचना विज्ञान राष्ट्रीय संघ द्वारा जैव सूचना विज्ञान में आयोजित जैव प्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा और परीक्षण
v. परमाणु उर्जा विभाग द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश स्क्रीनिंग परीक्षा (जेईएसटी), जीव विज्ञान और अंतः विषय जीव विज्ञान (जेजीईईबीआईएलएस) के लिए संयुक्त स्नातक प्रवेश परीक्षा।
vi. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा (एआईसीई) .
vii. राष्ट्रीय परीक्षण ऐजेंसी द्वारा यू.जी.सी की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा (एसएलईटी).
viii. **एनईसैक जेआरएफ पात्रता परीक्षा (एन-जेट): 15.03.2022** को एन.ई-सैक में एन-जेट 2021 आयोजित किया गया था। वैध स्कोर कार्ड वाले आवेदक सीधे आवेदन कर सकते हैं।

II. एन-जेट/नेट समकक्ष योग्यता अनिवार्य योग्यता के अनुशासन/विशेषज्ञता में होनी चाहिए।

III. **सभी इंजीनियरिंग विषयों में, गेट योग्यता अनिवार्य है।**

IV. व्यवसायिक पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर डिग्री या एम.ई/एम.टेक/एम.प्लान **या** बेसिक साइंस में स्नात्कोत्तर डिग्री या चयन प्रक्रिया में एम.एससी./बी.ई./बी.टेक/बी.प्लान निम्नलिखित में से किसी एक के माध्यम से वर्णित है:

(क) विद्वान जिन्हें राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा – सीएसआईआर-यूजीसी नेट के माध्यम से चुना जाता है, जिसमें लेक्चरशिप (सहायक प्रोफेसर) और गेट शामिल है।

(ख) केंद्र सरकार के विभागों और उनकी एजेंसियों और संस्थानों जैसें डीएसटी, डीबीटी, डीओएस, डीआरडीओ, एमएचआरडी, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसईआर आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के माध्यम से चयन प्रक्रिया।

**1. <u>सामान्य टिप्पणी</u>:**

(i) उपरोक्त बताए गए पदों की संख्या अनंतिम है और वास्तविक आवश्यकता के आधार पर भिन्न हो सकती है।

(ii) एम.ई./एम.टेक डिग्री प्रथम श्रेणी या समकक्ष ग्रेड में न्यूनतम 60% (सभी सेमिस्टरों का औसत) या 10 अंकों के पैमाने पर 6.5 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समकक्ष होना चाहिए।

(iii) बी.ई./बी.टेक/एम.एससी डिग्री प्रथम श्रेणी या समकक्ष ग्रेड में न्यूनतम 65% (सभी सेमिस्टरों का औसत) या 10 अंकों के पैमाने पर 6.84 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग या मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से समकक्ष होना चाहिए।

(iv) अंकों /सीजीपीए ग्रैडिग की राउंडिंग की अनुमति नहीं है।

(v) उम्मीदवारों को उनके आवेदन पर विचार करने के लिए जहां कहीं भी लागू हो, प्रासंगिक क्षेत्र में विशेषज्ञता /शोध प्रबंध/थीसीस का सहायक प्रमाण के साथ स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए।

(vi) सभी डिग्रियां एआईसीटीई/यूजूसी, या ऐसा करने के लिए भारत सरकार द्वारा अधिकृत किसी अन्य संगठन द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त होना चाहिए।

(vii) अनुभव पत्र में विभिन्न परियोजनाओं के तहत आवेदक द्वारा किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए।

(viii) विदेशी डिग्री धारकों के मामले में जहां दस्तावेज़ /डिग्री/प्रमाण-पत्र अंग्रेज़ी में नहीं है तो अनुवाद और अधिकृत्त प्रतिलेखन संलग्न किया जाना होगा और भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) से समकक्षता प्रमाणपत्र भी स्कैन और संलग्न करना होगा। साक्षात्कार के समय समकक्षता प्रमाणपत्र प्रस्तुत न कर पाने से अयोग्य माना जाएगा।

(ix) निर्धारित योग्यताएं और बेंचमार्क केवल न्यूनतम आवश्यकताएं है और उन्हें पूरा करने से उम्मीदवार स्वतः साक्षात्कार के लिए योग्य नहीं बन जाता है।

(x) चयन विशुद्ध रूप से साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा।

(xi) केंद्र के पास सभी या किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित है, यदि वह ऐसा निर्णय लेता है।

(xii) उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के प्रतिशत की गणना संबंधित विश्वविद्यालय /संस्थान द्वारा अपनाए गए अभ्यास के आधार पर की जाएगी। ग्रेड/सीजीपीए के मामले में, अंकों के प्रतिशत में परिवर्तन संबंधित विश्वविद्यालय /संस्थान द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया पर आधारित होगा। यदि कोई विश्वविद्यालय /संस्थान यह पुष्टि करता है कि सीजीपीए को समकक्ष अंकों में परिवर्तित करने की कोई योजना नहीं है, तो उम्मीदवार के सीजीपीए को अधिकतम संभव सीजीपीए से विभाजित करके और परिणाम को 10 से गुणा करके तुल्यता स्थापित की जाएगी।

(xiii) यदि उम्मीदवार समकक्ष विशेषज्ञता का दावा कर रहा है, तो उसे अपने संस्थान /विश्वविद्यालय यह प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा जिसमें यह उल्लिखित हो कि उसकी विशेषज्ञता विज्ञापन में आवेदित पद के लिए पूछे गए योग्यता के समकक्ष है। पात्रता शर्त को पूरा नहीं करने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

**2. <u>आयू सीमा</u>:**

- **अनुसंधान वैज्ञानिक के लिए : <u>30.11.2022</u>** को अधिकतम आयू 35 वर्ष।
- **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता के लिए** : **<u>30.11.2022</u>** को अधिकतम आयू 28 वर्ष।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष की और अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट है। भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग भारत सरकार के आदेशानुसार आयु में छूट के पात्र है। आयु में छूट का दावा करने वाले उम्मदवारों को वैध प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

## 3. पद की अवधि:

- **अनुसंधान वैज्ञानिक हेतु :** अनुसंधान वैज्ञानिक के पद विशुद्ध रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए अस्थायी आधार पर है, जिसे आवधिक समीक्षाओं में उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर, कुल मिलाकर तीन वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए या परियोजना के साथ –साथ समाप्त होनेवाले, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए बढ़ाया जा सकता है।

- **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता हेतु :** जेआरएफ पद विशुद्ध रूप से अस्थायी आधार पर हैं और नियमितीकरण के किसी प्रावधान के बिना परियोजना के साथ- साथ समाप्त होनेवाला है। कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) को शुरू में एक साल या परियोजना की अवधि के लिए जो भी पहले हो, नियुक्त किया जाएगा और उनके काम तथा परियोजना की आवश्यकता के आकलन के आधार पर आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं की नियुक्ति की अधिकतम अवधि पांच वर्ष या परियोजना की अवधि जो भी पहले हो, से अधिक नहीं होगी।

आरएस/एसआरएफ/जेआरएफ की स्थिति एनईसैक में नियमित रोजगार के लिए कोई दावा या अधिकार प्रदान नहीं करेगी और सेवाएं बिना किसी नोटिस के और बिना कोई कारण बताए समाप्त की जा सकती है।

निदेशक, एनईसैक बिना कोई कारण बताए साक्षात्कार को समाप्त /रद्द करने का अधिकार सुर क्षित रखता है। वह कार्यकाल परियोजना के पूरा होने से पहले भी अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसके लिए की अपील नहीं की जा सकेगी।

## 4. परिलब्धियां और अन्य लाभ :

- **अनुसंधान वैज्ञानिक के लिए वेतन और भत्ते :**
  चयनित उम्मीदवारों को पे मैट्रिक्स (₹ 56100-177500) के स्तर 10 में वेतन की पेशकश की जाएगी। वेतन न्यूनतम वेतन स्तर अर्थात वर्तमान में लगभग ₹ 56100/- में निर्धारित किया जाएगा। इसके अलावा केवल स्वयं के लिए डीए, एचआरए और चिकित्सा लाभ नियमानुसार अनुमत होंगे।

- **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता के लिए वेतन और भत्ते:** फेलोशिप राशि ₹ 31,000/-.

उपर्युक्त फेलोशिप राशि के अतिरिक्त, संबंधित परियोजना के तहत स्वीकृत्त तैनाती /एचआरए स्थान पर लागू निर्धारित दरों पर एचआरए, जो भी कम हो, का भुगतान किया जाएगा और मौजूदा नियमों के अनुसार केवल स्वयं के लिए चिकित्सा लाभ की अनुमति दी जाएगी। इस उद्देश्य के लिए फेलोशिप राशि को मूल वेतन के रूप में लिया जाएगा।

कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता केवल आकस्मिक अवकाश के लिए पात्र हैं जबकि अनुसंधान वैज्ञानिक संस्थान के नियमों के अनुसार छुट्टी के लिए पात्र है। भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी महिला आरएस /एसआरएफ /जेआरएफ के लिए मातृत्व अवकाश उपलब्ध होगा। इसके अलावा, चयनित उम्मदवार नियमित कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य किसी भी लाभ या रियायत के हकदार नहीं होंगे।

.

**5. <u>आवेदन कैसे करें</u> :** आवेदन पत्र **<u>14.11.2022</u>**से एनईसैक वेबसाइट www.nesac.gov.in पर होस्ट किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि **<u>30.11.2022</u> है और और समापन समय16.00 बजे होगा। उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करना है।**

**पंजीकरण के बाद आवेदन सारांश का एक प्रिंट आउट लें** और साक्षात्कार के समय आवेदन में प्रस्तुत डेटा का समर्थन करनेवाले पासपोर्ट आकार के फोटों और दस्तावेज़ों के साथ प्रिंट आउट लाना होगा। इस विज्ञापन के संबंध में एनईसैक के साथ भविष्य में की जानेवाली सभी पत्राचारों के लिए उम्मीदवार द्वारा संख्या को लेख्यांक्ति कर लिया जाए।

## 6. चयन प्रक्रिया:

i. निर्दिष्ट अर्हता न्यूनतम आवश्यक्ता मात्र है और सिर्फ उसके होने से ही अभ्यार्थी साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु अर्ह नहीं बन जाता। एक विधिवत गठित स्क्रीनिंग समिति निम्नलिखित के आधार पर पद के लिए प्राप्त आवेदनों को स्क्रिनिंग करेंगी।

ii. उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के प्रतिशत की गणना संबंधित विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा अपनाए गए अभ्यास के आधार पर की जाएगी। ग्रेड /सीजीपीए के मामले में, अंको के प्रतिशत में परिवर्तन संबंधित विश्वविद्यालय /संस्थान द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया पर आधारित होगा। यदि कोई विश्वविद्यालय /संस्थान यह पुष्टि करता है कि सीजीपीए को समकक्ष अंकों में परिवर्तित करने की कोई योजना नहीं है, तो उम्मीदवार के सीजीपीए को अधिकतम संभव सीजीपीए से विभाजित करके और परिणाम को को 100 से गुणा करके तुल्यता स्थापित की जाएगी।

iii. यदि उम्मीदवार समकक्ष विशेषज्ञता का दावा कर रहा है, तो उसे अपने संस्थान /विश्वविद्यालय से यह कहते हुए प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा कि विशेषज्ञता विज्ञापन में आवेदित पद के लिए पूछे गए पद के बराबर है। इस पर अंतिम फैसला स्क्रीनिंग समिति करेगी। स्क्रीन-इन/शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। केवल स्क्रीनइन/शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों को ही संचार भेजा जाएगा। एन.ई-सैक उम्मीदवारों की शॉर्ट लिस्टिंग के मुद्दे पर किसी किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं करेगा। **शॉर्ट लिस्टेड उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर केवल ई-मेल द्वारा भेजे जाएंगे।** उन उम्मीदवारों के साथ किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा जो शॉर्टलिस्ट / स्क्रीनिंग में नहीं है। पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करनेवाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

## 7. सामान्य शर्तें:

- केंद्र कैंटीन सुविधाएं, पुस्तकालय सुविधाएं आदि प्रदान करता है।
- **30.11.2022** के अनुसार जिनके पास अपेझित अर्हता है केवल वे ही आवेदन करें। केवल उत्तीर्ण उम्मीदवार ही आवेदन करने के पात्र है। अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे छात्रों को आवेदन करने की अनुमति नहीं।
- आवेदन के वल ऑनलाइन मोड के माध्यम से होंगे और आगे के सभी संचार आवेदकों को केवल ई-मेल /एनईसैक वेबसाइट के माध्यम से किए जाएंगे। इसलिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-मेल की जांच करें और समय-समय पर एनईएसएसी वेबसाइट देखें। एनईसैक तकनीकी कारणों से या किसी भी अन्य कारण से उम्मीदवारों को कॉल लेटर /किसी भी संचार के संबंध में सूचना प्राप्त न होंने की जिम्मेदारी नहीं लेगा।
- चयनित उम्मीदवारों को एनईसैक, उमियम में तैनात किया जाएगा, लेकिन जब भी आवश्यक हो, निदेशक, एनईसैक के निर्णय पर भारत के किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है।
- **पद कोड संख्या जेआरएफ 03** के लिए चयनित उम्मीदवार को इस्ट्रैक बैंगलुरू में तैनाती के लिए नियुक्त किया जाएगा।
- चयनित जेआरएफ को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से पीएचडी हेतु पंजीकरण करने और स्वयं तथा एनईसैक को लाभान्वित करने वाले प्रासंगिक शोध विषय लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हालांकि उन्हें अपने पीएचडी शोध को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय देना पड़ता है। पीएचडी कार्य के लिए कोई अवकाश स्वीकार्य नहीं है।
- साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को आवेदन में दिए गए विवरण के प्रमाण के रूप में सभी प्रासंगिक मूल दस्तावेज़ों को स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के एक सेट के साथ प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवार जो पहले से ही केंद्र / राज्य सरकार , सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों के तहत कार्यरत हैं, उन्हें भी साक्षात्कार के समय मूल रूप से **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार उपरोक्त में से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहता है या यदि बायोडाटा में दी गई कोई भी जानकारी गलत यामिथ्या पाई जाती है, तो उम्मीदवार का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।
- साक्षात्कार के लिए तिथि या स्थान के बदलने हेतु उम्मीदवारों के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

- उम्मीदवारों को अपना आवेदन देते समय वैध ईमेल आई-डी और संपर्क नंबर देना आवश्यक है। यदि ईमेल आई-डी और संपर्क नंबर परिवर्तित /अपडेट किया गया है, तो इसकी सूचना ईमेल आई-डी applications@nesac.gov.in पर दी जानी अनिवार्य है। किसी भी उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य ईमेल आई-डी और संपर्क नंबर के मामले में, एनईसैक किसी भी सूचना के प्राप्त न होने के लिए दायी नहीं होगा, जो बल्क ईमेल के माध्यम से सभी उम्मीदवारों को भेजा जाएगा।

- केवल भारतीय नागरीक आवेदन कर सकते हैं।

- किसी भी रूप में पक्ष – प्रचार करना पात्रता के लिए अयोग्य होगा।

- किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन से संबंधित किसी भी समस्या के मामले में, उम्मीदवार ईमेल के विषय में पद का नाम का स्पष्ट उल्लेख करते हुए**applications@nesac.gov.in** पर मेल भेज सकते हैं, अन्यथा प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जाएगा और उत्तर न देने की स्थिति में एनईसैक ज़िम्मेदार नहीं होगा।

- **30.11.2022** आयु, योग्यता आदि जैसे सभी उद्देश्यों के लिए अंतिम तिथि होगी।

- निर्धारित अनुभव आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद होना चाहिए।

- साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए./डीए देय नहीं होगा।

**"सरकार एक ऐसा कार्यबल तैयार करने का प्रयास करती है जो लिंग संतुलन को दर्शाता हो और इसलिए महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। "**

**उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना है कि वह पात्रता मानदंड को पूरा करता है एवं आवश्यकताओं का अनुपालन करता और इस विज्ञापन में निहित निर्देशों का पालन करता है। उम्मीदवारों के हित में सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें।**

***हिंदी और अंग्रेजी संस्करण के बीच यदि किसी भी तरह का अंतर पाया जाता है तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।***

## **<u>महत्वपूर्ण</u>**

**एन.ई-सैक वेबसाईड www.nesac.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन के जमा करने की प्रारंभिक तिथि 14.11.2022 है।**

**एन.ई-सैक वेबसाईड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन के जमा करने की अंतिम तिथि 30.11.2022 को 16.00 बजे तक है।**

**प्रत्येक भर्ती में सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने की तिथि ऑनलाइन भर्ती आवेदन के लिए प्रस्तुत करने की निर्धारित अंतिम तिथि होगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने सभी विवरणों को ऑनलाइन भर्ती आवेदनों में सावधानीपूर्वक भरें।**

**साक्षात्कार की तिथि पृथक रूप से सूचित की जाएगी।**

**उम्मीदवार को एक विशेष योग्यता के लिए एक पीडीएफ फाइल में डिग्री और मार्कशीट अपलोड करनी होगी जैसे –सभी सेमिस्टरों के बी.टेक, डिग्री और मार्कशीट को एक पीडीएफ फाइल में मर्ज करना होगा तथा अन्य मार्क शीट अपलोड के लिए भी यही प्रक्रिया अपनानी होगी।**

**<u>केवल पीडीएफ में अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ों का आकार</u>:-**

- **पीडब्ल्यूडी (विकलांगता) प्रमाणपत्र : 1.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **अपिव/अजा/अजजा प्रमाणपत्र : 1.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **भूत-पूर्व सैनिक प्रमाणपत्र : 1.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **जन्म-प्रमाण पत्र : 1.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **हाई स्कूल मार्कशीट और प्रमाणपत्र : 1.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **इंटरमीडिएट मार्कशीट और प्रमाणपत्र : 1.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **बी.ई/ बी.टेक /बी.एचसी डिग्री प्रमाणपत्र : 1.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **बी.ई/ बी.टेक /बी.एचसी मर्ज मार्कशीट : 2.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **बी.ई/ बी.टेक /बी.एचसी –** सीजीपीए से % रूपांतरण दस्तावेज़ **: 2.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **एम.ई/एम.टेक/एम.एचसी स्नातकोत्तर डिग्री प्रमाणपत्र : 2.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **एम.ई/एम.टेक/एम.एचसी स्नातकोत्तर मर्ज मार्कशीट : 2.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **एम.ई/एम.टेक/एम.एचसी -** सीजीपीए से % रूपांतरण दस्तावेज़ **: 2.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **नेट/गेट/एन-जेट समानांतर (स्कोर कार्ड) : 2.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **पीएचडी पुरस्कार प्रमाणपत्र : 2.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **अन्य सहायक दस्तावेज़ : 2.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **कार्य अनुभव विवरण : 1.5 MB (अधिकतम आकार)**
- **फोटोग्राफ (मात्र JPG फाइल) : 20KB न्यूनतम और 50 KB से अधिक नहीं होना चाहिए**
- **हस्ताक्षर (मात्र JPG फाइल) : 20KB न्यूनतम और 50 KB से अधिक नहीं होना चाहिए**